## संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी व व्यावसायिक समन्वयक मनोज काशिव ने किया सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण

### व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्यालय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय जबलपुर से आए संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी एवं संभागीय व्यावसायिक समन्वयक मनोज काशिव ने गुरुवार 6 अगस्त को सांदीपनि विद्यालय गुरैया एवं सांदीपनि विद्यालय परासिया का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय भवन, स्मार्ट कक्षाओं एवं अन्य नवीन अधोसंरचनाओं का अवलोकन करते हुए समस्त कक्षाओं का भ्रमण किया। इस दौरान शिक्षकों की डेली डायरी, लेसन प्लान, ई-अटेंडेंस, पाठ्यक्रम की प्रगति, ब्रिज कोर्स के संचालन तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की विस्तार से समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न ट्रेडों की प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोगशालाओं में उपलब्ध उपकरणों, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं विद्यार्थियों को प्रदान किए जा रहे व्यवहारिक कौशल का अवलोकन किया। इस अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास तथा रोजगारोन्मुख गतिविधियों पर चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव, रुचि एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की गई।

संयुक्त संचालक श्री सोनी ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा नई शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण आधार है, जो विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं बल्कि रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करती है। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित मूल्यांकन, प्रयोगात्मक प्रशिक्षण एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सांदीपनि विद्यालयों की आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, कौशल आधारित शिक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विद्यालय गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा के प्रभावी मॉडल के रूप में स्थापित हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सांदीपनि विद्यालय गुरैया के प्राचार्य ए.एच. खान तथा सांदीपनि विद्यालय परासिया के प्राचार्य अवधेश कुमार वर्मा सहित विद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं व्यावसायिक शिक्षा स्टाफउपस्थित था।

### घूमता आईना

## जनविश्वास कार्यक्रम में किस अधिकारी पर गिर सकती है गाज, चर्चा जारी


**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र शासन ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए नए मुख्य सचिव के बनते ही एक नई योजना चालू की है जिसका नाम जनविश्वास योजना है। यह प्रत्येक शुक्रवार को प्रदेश के सभी अधिकारी निर्धारित ग्राम पंचायतों, विकासखण्डों, तहसील स्तरों में जाकर समस्याओं का समाधान करेंगे। इसी क्रम में 7 अगस्त दिन शुक्रवार को पहला जनविश्वास कार्यक्रम छिन्दवाड़ा से प्रारंभ हो रहा है। चूंकि मुख्यमंत्री की पहली समीक्षा इस योजना की छिन्दवाड़ा से हो रही है इसलिए जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी सहमें हुए नजर आ रहे है कि यदि गलती मिल गई, कोई शिकायत ऐसी पाई गई जिससे आवेदक संतुष्ट नहीं है तो किसी अधिकारी पर भी किसी विभाग में सी एम की गाज गिर सकती है इसको लेकर धीरे धीरे अपनी अपनी जगह पर काम कर रहे है। सी एम हेल्पलाईन को लेकर तो गजब का काम हो रहा है। कुछ विभागों में तो आवेदक को बुलाकर उनका मोबाईल देखते है कि बड़ा अच्छा मोबाईल है और ओटीपी आता है बताकर शिकायतें बंद करवा दी गई, शिकायतकर्ता हाथ ही मलते रह गया। एक आवेदक अपना नाम गोपनीय रखने का आग्रह करते हुए स्पष्ट कहा है कि शिकायत जबरिया बंद करवाई गई है। कुछ आवेदक ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी में पहुंच रहे है जो मुख्यमंत्री से मिलकर अपना आवेदन दे सकते है लेकिन सीएम से उनकी मुलाकात हो पाती है की नहीं संशय बना हुआ है।

### सार-समाचार

## नागद्वारी मेला जाने वाले भक्तों के लिए 10 दिवसीय भंडारा आज से होगा आयोजित

**दमुआ, देशबन्धु।** नगर में 13 वर्षों से नागद्वारी मेले में बाबा भोलेनाथ के भक्तों के लिए भंडारे और ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। समाजसेवी मुकेश साहू एवं साहू परिवार इस वर्ष भी नागद्वारी मेले के दौरान भक्तों के लिए 7 अगस्त से विशाल भंडारे का आयोजन कर रहा है। मेला यात्रियों को स्वल्पाहार नि:शुल्क भोजन, ठहरने एवं स्नान आदि की व्यवस्था की जा रही है। इस भंडारे में साहू परिवार के साथ ही नगर समाजसेवी, व्यापारी, राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों एवं शासन-प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की महती भूमिका निभा रहे हैं। वैशाली हार्डवेयर प्रांगण इन्दिरा चौक दमुआ में बैठक आयोजित की गई जिससे 10 दिनों तक अनवरत विशाल भंडारे की सफलता को और अधिक बल मिलेगा। आयोजक मुकेश साहू ने बताया कि इस 14 वें वर्ष नागद्वारी मेले के अवसर पर यह भंडारा 7 अगस्त से प्रारम्भ होकर और 17 अगस्त तक लगातार चलेगा।

## मवेशियों से पिकअप वाहन पकड़ा एक आरोपी को पकड़ा, एक फरार




**दमुआ, देशबन्धु।** गत 04 एवं 05 अगस्त की दरम्यानी रात्रि में रामपुर चौक पर पिकअप वाहन एम.पी.-28 जी-2950 जिसमें 07 मवेशी 04 भैस, 03 नग बोदा भरे थे जो पिकअप वाहन चालक महेश बेलवंशी उर्फ मौनू निवासी उमरेठ मौके से फरार हो गया उसका साथी शेख ईस्ताक पिता शेख सब्बीर उम्र 58 साल निवासी बरुर थाना शिवपुरी को मय पिकअप मवेशी के थाना लाया गया आरोपीगणो के विरुध्द अप. क्र. 154/2026 धारा- 281 बीएनएस 11(1) घ पशु क्रूरता अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है पुलिस जांच जारी है।

## अभा सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन की पूनम सिहोते अध्यक्ष बनी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 में जिला कांग्रेस अध्यक्ष छिन्दवाड़ा के पद पर पूनम सिहोते को बनाया गया है। यह नियुक्ति एक वर्ष अवधि के लिए मान्य रहेगी, संगठन आपसे आशा करता है आप संगठन की नियमावली के अनुरूप सफाई कर्मचारियों की दिन प्रतिदिन की समस्याओं को हल करने और उन्हें उनके वैधानिक अधिकारों को दिलवाने हेतु निरंतर कृत संकल्पित तथा प्रयासरत होकर ईमानदारी, कर्मठता से कार्य करेगे और सभी सफाई कर्मियों की संगठन का सदस्य बनाकर अपनी कार्यकारिणी पत्र प्राप्ति के 15 दिवस में गठित करेंगे तथा कार्यकारिणी एवं सदस्यता सूची निर्धारित शुल्क जमा कर प्रांतीय कार्यालय को 3 माह के अंदर अनुशंसा हेतु भेजेगे, की जानकारी दी गई है।

## जिले में अब तक 501.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 501.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 598.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

जिले में 06 अगस्त 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 06 अगस्त 2026 को प्रातरू 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील परासिया में 03 और जुन्नारदेव में 05 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 321.2, मोहखेड़ में 382.3, तामिया में 502, अमरवाड़ा में 528.8, चौरई में 592.8, हर्रई में 546,5, बिछुआ 444,5, परासिया में 369.1, जुन्नारदेव में 480.2, चांद में 639.7 और उमरेठ में 565.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।



## तम्बाकू व्यसन मुक्ति परामर्श पर एक दिवसीय कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला अस्पताल छिंदवाड़ा ऑडिटोरियम में तंबाकू व्यसन मुक्ति परामर्श कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर जया जैन, नोडल डॉ. पंचराज वर्मा, डॉ. पाल, डॉ. सुचिता नायक एवं अन्य डेंटिस्ट डॉक्टर एवं उमंग परामर्शदाता श्रीमती ज्योति सिरोहिया सम्मिलित हुई।

बैठक में मुख्य एजेंडा के अंतर्गत मादक पदार्थों का दुरुपयोग उनके लक्षण किस प्रकार शरीर को घातक रूप से प्रभावित करता है एवं किस प्रकार से काउंसलिंग कर उससे निकोटेक्स की दवाई उपलब्ध करानी है संबंधी प्रशिक्षण रखा गया।

इस कार्यक्रम में सम्मिलित उमंग परामर्शदाता के द्वारा उमंग स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं मनहित अप एजस्ट आस्क अप एवं टी.सी.सी. सेंटर संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

## परामर्शदात्री समिति की तिमाही बैठक का आयोजन 10 अगस्त को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में 10 अगस्त सोमवार को कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में शाम 05:00 बजे जिला स्तरीय समीक्षा समिति जून 2026 तिमाही एवं समय 05:30 बजे जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की जून 2026 तिमाही बैठक का आयोजन किया गया है। अग्रणी जिला प्रबंधक सतीश कुमार ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## जागरूक वाहन चालकों का किया सम्मान, गुलाब और पेन भेंट कर हेलमेट पहनने का दिया संदेश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** टी.आर.एस.एफ. सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं नागरिकों में यातायात नियमों के पालन की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टी.आर.एस.एफ. (ट्रैफिक एंड रोड सेफ्टी अवेयरनेस फाउंडेशन) एवं पुलिस यातायात विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को इंदिरा तिराहा (जेल गेट के सामने) जागरूक वाहन चालकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को रोककर उनका अभिनंदन किया गया।

संस्था के सचिव डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि हेलमेट एवं सीटबेल्ट का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को सम्मान स्वरूप प्रत्येक जागरूक वाहन चालक को गुलाब का पुष्प एवं एक पेन भेंट किया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। यातायात प्रभारी लोहित शेंडे ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। ऐसे सम्मान कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ अन्य नागरिकों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक संदीप अग्निहोत्री एवं संस्था के अध्यक्ष योगेश पटेल ने बताया कि अब प्रत्येक माह की 5 तारीख को यातायात नियमों का पालन करने वाले जागरूक वाहन चालकों का सम्मान किया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का व्यापक वातावरण निर्मित हो सके। इस अवसर पर यातायात प्रभारी लोहित शेंडे, टी.आर.एस.एफ. के संस्थापक कल्पेश पटेल, कार्यक्रम संयोजक संदीप अग्निहोत्री, अध्यक्ष योगेश पटेल, सचिव डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा, नंदू निर्मलकर, उमाशंकर साहू, डॉ. डी.एस. चौरे, एड. मुकेश दीक्षित, श्याम गजभिए, डी.पी. मालवीय, नितिन गडकरी, अभिषेक चंदेल, हरीश गढ़वाल, रितेश मलिक, सचिन सूर्यवंशी, प्रियांशु पालीवाल सहित पुलिस यातायात विभाग के अधिकारी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेस सेवादल की वार्ड एक काराबोह में बैठक आयोजित, नवीन कार्यकारिणी गठित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला महिला कांग्रेस सेवादल की जिला मुख्य संगठक डॉ. शबाना यासमीन खान ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले एवं जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दीपक वाजपेयी के मार्गदर्शन में पश्चिम उपब्लॉक अध्यक्ष संगीता बट्टी द्वारा वार्ड क्रमांक-1 कराबोह में महिला कांग्रेस सेवादल की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनानेए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी सीमा शुक्ला ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के 45 वर्षों के जनसेवा एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में छिंदवाड़ा जिले ने विकास की नई पहचान बनाई। वहीं परासिया विधानसभा प्रभारी सिंधु यादव ने पूर्व सांसद नकुलनाथ द्वारा युवाओं के लिए संचालित प्रशिक्षण केंद्रों एवं रोजगारोन्मुखी पहलों की जानकारी देते हुए युवाओं से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

बैठक के दौरान संगठन विस्तार करते हुए सविता इवनाती को वार्ड अध्यक्ष, रीना विश्वकर्मा को वार्ड उपाध्यक्ष तथा श्यामापाल को वार्ड सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने एवं कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर उपाध्यक्ष रविना कोचे ने किया। इस अवसर पर निशा गोहिया, प्रेमलता उइके, उज्ज्वला मुदलियार, मीनाक्षी यादव, ज्योति विश्वकर्मा, कल्पना कुमरे, सुनीता मड़के, मुस्कान नामदेव, कविता पाल, नाज़ो पाल, करिश्मा पाल, दिव्या पाल सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सोनू बिनझाड़े का विशेष सहयोग रहा।



## पटवारी संघ ने किया सद्बुद्धि महाअभिषेक





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर जिला पटवारी संघ एवं तहसील पटवारी संघों ने उनकी न्यायोचित मांगो में निर्णय नहीं दिए जाने के परिणाम स्वरूप अनिश्चितकालीन धरने पर है।

इस संदर्भ में 6 अगस्त को पटवारी संघ द्वारा भोलेनाथ का महा अभिषेक कर सद्बुद्धि यज्ञ के रूप में अभिषेक करते हुए कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सबकी मांगे मानी लेकिन पटवारियों की मांगे नहीं मानी। ऐसी स्थिति में छिन्दवाड़ा में उज्जैन की महाकाल नगरी से आ रहे छिन्दवाड़ा मुख्यमंत्री के लिए महाकाल सद्बुद्धि दे इस हेतु महा अभिषेक किया गया है। मोहखेड़ पटवारी संघ के अध्यक्ष दयानंद चौरिया ने बताया कि न वेतन वृद्धि दी गई, न पदोन्नति दी गई, न पुलिस सुरक्षा दी गई। ऐसी स्थिति में इस बार पटवारी संघ तब तक हड़ताल पर रहेगा जब तक लिखित आदेश नहीं दिया जाएगा। इसलिए 6 अगस्त को सद्बुद्धि महा अभिषेक किया गया ताकि प्रदेश के मुखिया को महाकाल सद्बुद्धि दें।

## सांसद विवेक बंटी साहू ने मरीज को दिलाई 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक मरीज को 50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। यह राशि मिलने से मरीज का नागपुर के अस्पताल में ईलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से संपर्क करते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिन्दवाड़ा के वार्ड नंबर 14 निवासी शैलेन्द्र पिता यशवंत सिंह चौहान को 50 हजार उनकी स्वेच्छानुदान मद से की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई है। उक्त राशि मिलने से नागपुर के अस्पताल में भर्ती मरीज का इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।